मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-196
09/07/2024

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के विभिन्न जगहों पर निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण, तेजी से कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 09 जुलाई 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर के विभिन्न जगहों पर चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर प्रखंड के घनसुरपुर स्थित गंगा चैनल के प्रस्तावित लिंक का निरीक्षण किया। घनसुरपुर से सीढ़ी घाट होते हुए रामनगर तक गंगा नदी की धारा को घाट से लिंक करने की कार्य योजना के संबंध में जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घनसुरपुर में पुराने चैनल को मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। घनसुरपुर से सीढ़ी घाट होते हुए रामनगर तक कराए जानेवाले जीर्णोद्धार तथा सुरक्षात्मक कार्यों, वृक्षारोपण, पार्क निर्माण आदि के संबंध में भी उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर सीढ़ी घाट के पास निर्माणाधीन गंगा घाट एवं पाथ–वे का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद ने मुख्यमंत्री को सीढ़ी घाट के समीप पक्का सुरक्षात्मक कार्य, घाट निर्माण एवं पाथ–वे निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा यहां बचपन बीता है। मैं इसी घाट पर स्नान करता था। इस घाट पर लोग धार्मिक कार्य करते रहे हैं। इसका सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य बेहतर ढंग से करें ताकि यहां आनेवाले लोगों को सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने श्री राधा कृष्ण मंदिर, ठाकुरबाड़ी, सीढ़ी घाट में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–शांति की कामना की। मुख्यमंत्री ने पंडित शीलभद्र याजी मेमोरियल ट्रस्ट स्थित पंडित शीलभद्र याजी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर स्थित गणेश हाईस्कूल (10+2 स्तरीय) विद्यालय भवन (Ground+4) के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य तेजी से और बेहतर ढंग से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि चहारदीवारी को और ऊँचा करें तथा जो जमीन नीचे है, उसमें मिट्टी भराकर उसे समतल करें ताकि जलजमाव नहीं हो। पौधारोपण भी करायें ताकि परिसर अच्छा दिखे और पर्यावरण के लिये भी यह अनुकूल रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और बटन दबाकर ट्रीटमेंट प्लांट की शुरुआत की। बख्तियारपुर नगर निकाय के अंतर्गत आनेवाले 8 नालों के पानी का इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में शोधन होगा। बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से निकलनेवाले सीवरेज के पानी का भी इस प्लांट में शोधन होगा। इससे बख्तियारपुर नगर निकाय के सभी 27 वार्डों के नागरिक लाभान्वित होंगे। शोधित पानी को बगल में निर्मित पोखर में गिराया जायेगा, इससे जल संरक्षण भी होगा। यहां पौधारोपण भी करायें जिससे यह क्षेत्र हरा–भरा दिखेगा।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण कर निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस

योजना के पूर्ण होने से बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज का 4 लेन सड़क से सीधा संपर्क स्थापित होगा और बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज तक आना–जाना आसान हो जाएगा।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद श्री संजय कुमार झा, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******